# 23 राजस्थान विविध

1. राजस्थान के कितने खिलाड़ियों ने पैरालम्पिक 2020 में भाग लिया?
(1) 6 खिलाड़ियों ने (2) 8 खिलाड़ियों ने
(3) 10 खिलाड़ियों ने (4) 4 खिलाड़ियों ने (1)

**व्याख्या–** 1.अवनि लखेरा, जयपुर (निशानेबाजी)
2.देवेन्द्र झाझड़िया, चुरू (जैवलिन थ्रो)
3.सुन्दर सिंह गुर्जर, करौली (जैवलिन थ्रो)
4.कृष्णा नागर, जयपुर (बैडमिंटन सिंगल्स, SH 6)
5.संदीप चौधरी, झुंझुनूं (जैवलिन थ्रो)
6.श्याम सुन्दर स्वामी, बीकानेर (तीरंदाजी)

2. पैरालम्पिक खेलों में भारत के लिए प्रथम स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला खिलाड़ी कौन है?
(1) मीराबाई चानू (2) भावना जाट
(3) पी.वी संधू (4) अवनि लखेरा (4)

**व्याख्या–** सर्वप्रथम स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पैरालम्पिक महिला खिलाड़ी अवनि लखेरा बनी। साथ ही दो पदक जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला खिलाड़ी का गौरव हासिल किया।

3. 21 जून, 2022 को कौनसा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया?
(1) पाँचवाँ (2) छठा
(3) सातवाँ (4) आठवाँ (4)

**व्याख्या–** राजस्थान सरकार द्वारा 8वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसलमेर में मनाया गया।

4. राजस्थान के पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा को कौनसा पुरस्कार प्रदान किया गया।
(1) सरस्वती सम्मान पुरस्कार, 2021
(2) व्यास सम्मान पुरस्कार, 2021
(3) ईलेट्स वर्ल्ड एजुकेशन लीडर अवार्ड, 2021
(4) राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार 2021 (3)

**व्याख्या–** इस पुरस्कार की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य व्यक्तियों को सम्मान देने के लिए की थी। इस सम्मान का यह 19वाँ संस्करण था। डोटासरा को कोविड काल में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार व उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए यह विश्वस्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

5. राजस्थान सरकार द्वारा 'घर-घर औषधि' योजना कब प्रारम्भ की है?
(1) 2 मार्च 2021 (2) 19 दिसम्बर 2021
(3) 1 अगस्त 2021 (4) 13 जून 2021 (3)

6. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना के बारे में असत्य कथन लिखिए–
(1) 1 मई 2021 से सम्पूर्ण प्रदेश में लागू की गई है।
(2) सामान्य बीमारी में 1 लाख रुपये का निःशुल्क उपचार
(3) गम्भीर बीमारी में 4.50 लाख रुपये का निःशुल्क उपचार
(4) प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये निःशुल्क बीमा दिया जाएगा। (2)

**व्याख्या–** इस योजना के तहत सामान्य बीमारी में 50 हजार रूपए का निःशुल्क उपचार दिया जाएगा।

7. 'मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना' की शुरुआत किस राज्य ने की है?
(1) महाराष्ट्र (2) राजस्थान
(3) ओडिशा (4) पंजाब (2)

8. केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने 16 अक्टूबर, 2020 को इनोवेशन एण्ड इक्यूवेशन सेंटर का उद्घाटन कहाँ किया?
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) कोटा (2)

9. हाल ही में भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से सितम्बर 2021 में जारी रिपोर्ट के अनुसार सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता के आधार पर राजस्थान ने किस राज्य को पीछे छोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है–
(1) कर्नाटक (2) तमिलनाडु
(3) आंध्रप्रदेश (4) गुजरात (1)

10. देश का पहला बाजरे का प्रोसेसिंग यूनिट और इंक्यूबेशन सेन्टर कहाँ स्थापित किया जाएगा–
(1) बाड़मेर (2) नागौर
(3) बारां (4) जोधपुर (1)

11. देश में नयी ट्रेनों के प्रयोग व परीक्षण के लिए राजस्थान का पहला रेलवे ट्रायल ट्रैक कहाँ बन रहा है–
(1) चांदपोल (जयपुर) (2) नांवा (जोधपुर)
(3) मानसरोवर (जयपुर) (4) कुचामन (नागौर) (2)

12. शेखावाटी महोत्सव-2022 का आयोजन 20-22 मार्च 2022 तक कहाँ किया गया–
(1) लक्ष्मणगढ़ (सीकर) (2) फतेहपुर (सीकर)
(3) नवलगढ़ (झुंझुनूं) (4) रींगस (सीकर) (1)

13. मूर्तिकार पद्मश्री अर्जुन प्रजापति का 12 नवम्बर, 2020 को कोरोना के कारण निधन हो गया। वे कहाँ के रहने वाले थे?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) लालसोट (दौसा) (3)

14. निम्न में से असत्य युग्म है
(1) जनजाति बालक हॉकी अकादमी–उदयपुर
(2) आवासीय खेल विद्यालय–एस.एम.एस. स्टेडियम (जयपुर)
(3) आर्चर एकेडमी–डूंगरपुर
(4) हैण्डबॉल एकेडमी–बीकानेर (4)

**व्याख्या–** हैण्डबॉल एकेडमी जैसलमेर में स्थित है।

15. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राजस्थान में प्रथम स्थान पर रहने वाला जिला है–
(1) जयपुर (2) उदयपुर
(3) डूँगरपुर (4) बाँसवाड़ा (3)

**व्याख्या–** 1 लाख 54 आवासों में 93 हजार 128 आवास पूर्ण करने वाला डूंगरपुर राजस्थान का प्रथम एवं देश का दूसरा जिला बना।

16. राजस्थान सरकार ने ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी को कितनी राशि देने का ऐलान किया हैं?
(1) 2 करोड़    (2) 3 करोड़
(3) 4 करोड़    (4) 5 करोड़    (2)

**व्याख्या–** राजस्थान सरकार ने 4 जनवरी 2021 को बढ़ायी गई राशि को मंजूरी दी। इसमें ओलम्पिक में स्वर्ण पदक पर 3 करोड़ रूपए, रजत पदक पर 2 करोड़ रूपए तथा कांस्य पदक जीतने पर 1 करोड़ राशि देने की घोषणा की गई।

17. राजस्थान के छठे वित आयोग का अध्यक्ष किसे बनाया गया है?
(1) कृष्ण कुमार गोयल    (2) डॉ. ज्योतिकिरण
(3) प्रद्युम्न सिंह    (4) डॉ. बी.डी. कल्ला    (3)

**व्याख्या–** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अध्यक्ष के साथ ही लक्ष्मणसिंह एवं अशोक लाहोटी को सदस्य बनाया गया है।

18. राजस्थानी भाषा में साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार–2022 किसे प्रदान किया गया है?
(1) ऋतु प्रिया    (2) दुष्यन्त जोशी
(3) आशीष पुरोहित    (4) उम्मेद धानियां    (3)

**व्याख्या–** हनुमानगढ़ के आशीष पुरोहित को उनकी कविता संग्रह 'अैनांण' के लिए राजस्थानी भाषा का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2022 दिया गया है।

19. भारत की पहली इमरजेंसी एयर स्ट्रिप (ELF) राजस्थान में किस जिले में बनाई गई है–
(1) अजमेर    (2) बीकानेर
(3) बाड़मेर    (4) जयपुर    (3)

20. 'मुख्यमंत्री कोरोना बाल कल्याण योजना' में राज्य सरकार द्वारा कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को दिए जाने वाले लाभ के बारे में असत्य कथन छांटिए–
(1) अनाथ बालकों को तत्काल 1 लाख रुपए की सहायता।
(2) 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 2500 रुपए।
(3) 18 वर्ष पूर्ण होने पर 5 लाख रुपए।
(4) 21 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 3500 रुपये    (4)

21. उड़ान योजना के सम्बन्ध में सत्य है–
(1) महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण से सम्बन्धित
(2) झुंझुनूंवाला की नवीनतम एयरलाईन सुविधा के सम्बन्ध में
(3) भारत सरकार की हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा से सम्बन्धित
(4) एयरलाईन की कॉविड गाईडलाईन से सम्बन्धित    (1)

**व्याख्या–** इसका शुभारम्भ 19 दिसम्बर, 2021 को प्रजनन आयु की लड़कियों और महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया।

22. राजस्थान का पहला जैविक गाँव, जिला व भारत का पहला जैविक राज्य क्रमशः बताइए–
(1) दादिया, डूँगरपुर, सिक्किम    (2) मूँडवा, डूँगरपुर, आंध्रप्रदेश
(3) मूँडवा, डूँगरपुर, कर्नाटक    (4) दादिया, झालावाड़, सिक्किम
(1)

23. कच्चे तेल के उत्पादन में राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है–
(1) दूसरा    (2) तीसरा
(3) पाँचवा    (4) चौथा    (1)

24. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 सितम्बर 2021 को राजस्थान में किन 4 मेडिकल कॉलेजों का शिलान्यास किया है, इसके साथ ही राजस्थान के 30 जिलों में मेडिकल कॉलेज हो गए हैं–
(1) दौसा, सिरोही, बाँसवाड़ा, हनुमानगढ़
(2) हनुमानगढ़, गंगानगर, सिरोही, दौसा
(3) प्रतापगढ़, राजसमंद, बाँसवाड़ा, बाड़मेर
(4) राजसमन्द, पाली, सिरोही, नागौर    (1)

25. खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राजस्थान के किस जिले से मरूस्थलीकरण को कम करने और आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से 4 जूलाई, 2021 को 'बोल्ड परियोजना' शुरू की है?
(1) डूंगरपुर    (2) उदयपुर
(3) बांसवाड़ा    (4) भीलवाड़ा    (2)

**व्याख्या–** यह अनूठी परियोजना उदयपुर के निचला मंडवा गाँव में शुरू की गयी, इस गाँव में बाँस की विशेष प्रजाति (असम से लाकर) के 5000 पौधे लगाए गए हैं।

26. प्रोजेक्ट बोल्ड के बारे में असत्य कथन छांटिए–
(1) यह योजना उदयपुर के मेनार गाँव से प्रारम्भ हुई।
(2) खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित है।
(3) इसके तहत 27 जुलाई 2021 को तनोट गाँव में BSF द्वारा बाँस के 1000 पौधे लगाए।
(4) इसका उद्देश्य रोजगार देना व मरूस्थलीकरण को कम करना है।
(1)

**व्याख्या–** प्रोजेक्ट बोल्ड का प्रारम्भ उदयपुर के निचला मण्ड़वा गाँव से किया गया था।

27. 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2022' कब मनाया गया।
(1) 18 जून 2022 को    (2) 29 जून 2022 को
(3) 2 जुलाई 2022 को    (4) 10 जुलाई 2022 को    (3)

**व्याख्या–** संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1995 में एक प्रस्ताव पारित कर इस दिवस को मनाना शुरू किया। यह प्रतिवर्ष जुलाई माह के प्रथम शनिवार को मनाया जाता है।

28. घर–घर औषधि योजना 2021 का संबंध है–
(1) औषधीय पौधों के संरक्षण हेतु
(2) घर–घर औषधि वितरण हेतु
(3) मोहल्ला क्लिनिक खोलने हेतु
(4) औषधि के प्रचार प्रसार हेतु    (1)

29. राजस्थान ग्रामीण ओलपिंक खेलों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जून–2021 में कौनसे 2 नये खेलों को शामिल करने की मंजूरी दी है।
(1) शूटिंग बॉल, खो–खो    (2) कबड्डी, रस्साकस्सी
(3) हैंडबॉल, गोला फैंक    (4) बैडमिंटन, क्रिकेट    (1)

**व्याख्या–** ग्राम पंचायत, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर राजस्थान ग्रामीण ओलंपिक खेल 2021 में कुल 06 खेल (कबड्डी, वॉलीबॉल, टेनिस बॉल, क्रिकेट, हॉकी, शूटिंग बॉल बालक वर्ग एवं खो–खो बालिका वर्ग) का आयोजन हुआ।

30. राजस्थान में 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021' का शुभारम्भ कब हुआ?
(1) 18 जनवरी (2) 13 फरवरी
(3) 17 मार्च (4) 5 अप्रैल (1)

**व्याख्या–** राजस्थान के परिवहन मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने 'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021' का शुभारम्भ 18 जनवरी से 17 फरवरी, 2021 तक के लिए किया।
सड़क सुरक्षा की थीम– 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा'

31. मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के बारे में सत्य है–
(1) विधवा, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाओं को पेंशन दी जा रही है।
(2) यह लाभ केवल तलाकशुदा महिलाओं के लिए है।
(3) यह लाभ केवल विधवा महिलाओं के लिए है।
(4) यह लाभ केवल परित्यक्ता महिलाओं के लिए है। (1)

32. राजस्थान सरकार ने नवजीवन कोष के गठन की हाल ही में घोषणा की गई। यह कोष किससे सम्बन्धित है–
(1) कोरोना मरीजों को ऑक्सीजन देने से सम्बन्धित
(2) हथकढ़ शराब बनाने में लिप्त परिवारों को इस कार्य से विमुख करके उनका पुर्नवास करने हेतु
(3) बुजर्ग बीमारों को सरकारी सुविधा
(4) वृद्धाश्रम के सहयोग संघ के रूप में (2)

33. बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 में राजस्थानी भाषा का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?
(1) विश्वामित्र दाधीच (2) कीर्ति शर्मा
(3) मंगत बादल (4) पवन पहाड़िया (1)

**व्याख्या–** विश्वामित्र दाधीच को उनके कविता संग्रह 'माछळयां रा आंसू' के लिए प्रदान किया गया है।

34. राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (रिफ) के 13वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया गया?
(1) जयपुर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (3)

**व्याख्या–** 6-10 अक्टुबर 2022 तक जोधपुर के मेहरानगढ़ में राजस्थान इंटरनेशनल फोक फेस्टिवल (रिफ) के 13वें संस्करण का आयोजन किया गया।

35. हाल में हुए मंत्रीमंडल पुनर्गठन के बाद राजस्थान के नवीनतम शिक्षा मंत्री है–
(1) गोविन्द डोटासरा (2) शांति धारीवाल
(3) टीकाराम जूली (4) बुलाकीदास कल्ला (4)

36. इन्दिरा गाँधी मातृत्त्व पोषण योजना के बारे में असत्य कथन है–
(1) 19 नवम्बर 2020 से प्रारम्भ की गई।
(2) गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को उचित पोषण देने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई है।
(3) दूसरी संतान के जन्म पर पाँच चरणों में 6,000 रु. की राशि सीधे लाभार्थी के खाते में दी जाती है।
(4) यह योजना गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर से प्रारम्भ की गई। (4)

**व्याख्या–** यह योजना उदयपुर, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर व प्रतापगढ़ जिलों में प्रारम्भ की गई है।

37. 'देव नारायण पशुपालक योजना' राजस्थान के किस जिले में चलाई गई–
(1) राजसमन्द (2) कोटा
(3) जोधपुर (4) जयपुर (2)

38. प्रदेश में नवम्बर 2019 मे नवगठित ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों के बाद राजस्थान में कुल ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों की संख्या क्रमशः बताइए–
(1) 11,250 ग्राम पंचायतें व 250 पंचायत समितियाँ
(2) 10,341 ग्राम पंचायतें व 280 पंचायत समितियाँ
(3) 11,341 ग्राम पंचायतें व 352 पंचायत समितियाँ
(4) 11,350 ग्राम पंचायतें व 376 पंचायत समितियाँ (3)

39. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में असत्य कथन है–
(1) गर्भवती को कुल 5,000 रु. की राशि 3 किस्तों में दी जाती है।
(2) इसका उद्देश्य गर्भवती व धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार करना है।
(3) प्रथम किस्त 2,000 रु. दी जाती है।
(4) इसका उद्देश्य 0 से 6 माह के शिशु के स्वास्थ्य एवं पोषण की स्थिति में सुधार करना भी है। (3)

**व्याख्या–** इस योजना के तहत प्रथम किश्त में 1,000 रूपए, द्वितीय किश्त में 2,000 रूपए व तीसरी किश्त में 2,000 रूपए दिये जाते हैं।

40. राजस्थान सरकार द्वारा टी.बी. रोगियों को वित्तीय, पोषण और शैक्षिक सहायता प्रदान करने के लिए कौनसी योजना शुरु की गई है?
(1) चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
(2) निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना
(3) राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना
(4) राजस्थान निक्षय संबल योजना (4)

**व्याख्या–** 16 मई, 2022 को राज्य के टी.बी. रोगियों को संबल एवं सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा जन सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से राजस्थान निक्षय संबल योजना का शुभारम्भ किया गया।